976
13/2/17
बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/...

खण्ड : 2 संख्या : 19

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(द्वितीय सत्र)

(भाग--2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

सत्यमेव जयते

शुक्रवार, दिनांक : 23 जून 1995 ई०

वर्ष का प्रतिवेदन संख्या-2 (राजस्व प्राप्तियां) एवं 31 मार्च, 1993 को अंत होने वाले वर्ष का प्रतिवेदन संख्या-5 (राजस्व प्राप्तियां) बिहार सरकार, विधान-सभा के समक्ष रखे जाने के पश्चात् और उन पर लोक लेखा समिति द्वारा परिनिरीक्षण किए जाने के पूर्व जनता में बिक्री के लिए प्राप्त हो ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(व्यवधान)

## शून्य-काल की चर्चाएं

### (क) बिजली आपूर्ति की व्यवस्था

**श्री अर्जुन मंडल :** अध्यक्ष महोदय, विगत एक माह से जमुई एवं खैरा प्रखंड में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से भयंकर पेयजल, गरमा फसल पटवन में असुविधा एवं खेती के कार्य में बाधा हो रही है। इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।

### (ख) मृतकों के आश्रितों की सहायता

**श्री नवीन किशोर प्र० सिन्हा :** अध्यक्ष महोदय, दिनांक 7-5-95 को श्री विजय चौधरी और उनकी गर्भवती पत्नी तथा अन्य तीन बच्चे सपरिवार जो ग्राम-खाजपुरा, थाना-गर्दनीबाग, पो.-वी. भी. कॉलेज के घर में अचानक आग लग जाने से एक ही परिवार के पांच लोग जल कर मर गए । महोदय, विजय चौधरी सरकारी कर्मचारी थे और वे मुख्यमंत्री के निवास के बहुत बगल में रहते थे । उनके घर पर मुख्यमंत्री ने अपने पर्सनल सिक्यूरिटी गार्ड भी भेजा